**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 18 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पूरे देश में अब तक दस करोड़ 33 लाख मुफ्त एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। वे आज सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों और पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश ऊर्जा के हरित, टिकाऊ और प्रगतिशील स्रोतों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों की तरफ आगे बढ़ रहा है।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपराधियों के खिलाफ 'हाई ऑक्टेन अभियान' चलाने और हरियाणा में पुलिस की प्रभावी व उत्तरदायी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री ने कल राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति और आबकारी नीलामी की प्रगति की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।कुरुक्षेत्र में एक आबकारी लाइसेंसधारी की हत्या की रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों को धमकी या फिरौती संबंधी कॉल मिल रही हैं, उन्हें त्वरित सुरक्षा प्रदान की जाए। इस उद्देश्य के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर जारी कर उसे इमरजेंसी सेवा '112' से लिंक करने के निर्देश भी दिए गए।मुख्यमंत्री ने कहा कि धरातल पर पुलिस की उपस्थिति ऐसी होनी चाहिए जिससे जनता सुरक्षित महसूस करे और गलत काम करने वालों व असामाजिक तत्वों के बीच कानून का डर पैदा हो।

**********************************************************************

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा चंडीगढ़ में ई- परिवहन परियोजना पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला "ई-ट्रांस 2025" कल संपन्न हो गई।कार्यशाला के दूसरे दिन एनआईसी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, भाषिणी के प्रमुख अधिकारियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं तथा विभिन्न राज्यों के अधिकारियों ने अपने-अपने राज्यों में परिवहन क्षेत्र की नई पहलें, उपलब्धियां और

सुझाव  साझा किए। इस कार्यशाला में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के साथ-साथ 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान वाहन, सारथी, ई-चालान, वाहन पंजीकरण सेवाओं के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहन प्लेटफॉर्म और इनके विकास और विस्तार पर भी चर्चा की गई।

***************************************************************************

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने फरीदाबाद में महिलाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की। इस जनसुनवाई में पहले से दर्ज 18 मामलों के साथ-साथ 3 नए मामले भी सुने गए।  श्रीमती भाटिया ने बताया कि  अधिकांश शिकायतें घरेलू हिंसा, वरिष्ठ महिलाओं से दुर्व्यवहार और तलाक से जुड़े मुद्दों से संबंधित थीं।उन्होंने कहा कि तलाक के मामलों में संबंधित जांच अधिकारियों को काउंसलिंग कर आपसी सहमति से समाधान निकालने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि अन्य मामलों में नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**************************************************************************

मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र ने  हरियाणा  और चंडीगढ़ में 23 जून तक  30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से आंधी चलने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि आज और 23 जून को कुछेक स्थानों पर, 19 जून को कहीं कहीं और 20 और 22 जून को कई स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है।

****************************************************************************

हरियाणा सिख  गुरुद्वारा प्रबंधक  समिति देश में तत्कालीन सरकार द्वारा साल 1975 में लागू किए गए आपातकाल को 26 जून को काला दिवस के तौर पर मनाएगी ।  कुरुक्षेत्र में करवाए जाने वाले काला दिवस समागम में  केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, मनोहर लाल ,हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब  सिंह सैनी के शामिल होने की उम्मीद है   यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान जत्थेदार  जगदीश सिंह झींडा ने कुरुक्षेत्र के पत्रकारों से बातचीत में दी जत्थेदार झींडा  ने कहा कि देश में लगे आपातकालीन का शिकार हुए लोगों, उनके आश्रितों या फिर उनके परिजनों को उपरोक्त अतिथिगणों से सम्मानित करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा दुर्भाग्यपूर्ण समय था , जिसका शिकार भारी गिनती में लोग हुए थे |

************************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने कहा है कि मार्च महीने में ली गई वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा देने वाले विद्यालयों, गुरुकुल व विद्यापीठों के परीक्षार्थियों के परिणाम प्रमाण-पत्र एवं माईग्रेशन प्रमाण-पत्र प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों पर कल भेजे जा रहे हैं।बोर्ड प्रवक्ता ने कहा है कि विद्यालयों, गुरुकुलों और विद्यापीठों के मुखिया अपने विद्यालय के परीक्षार्थियों के प्रमाण-पत्र कल सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक तथा परसों सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।यदि वो किन्हीं कारणों से उक्त वर्णित तिथियों में प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो ऐसी अवस्था में 20 जून के उपरान्त वो बोर्ड मुख्यालय से प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

************************************************************************